## सार-समाचार

### ई.डी. की कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन

**सायला**, (निसं)। नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सायला द्वारा शुक्रवार को ब्लॉक अध्यक्ष सवाईसिंह चंपावत के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार के विरोध में तहसील कार्यालय के आगे धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध व्यक्त किया। इस मौके ब्लॉक अध्यक्ष सवाईसिंह चम्पावत ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा नेशनल हेराल्ड की सम्पत्ति को जब्त करने की कार्यवाही की जा रही है। जो विपक्ष को कमजोर कर खत्म करने की साजिश है। विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाएं यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के विरूद्ध ईडी द्वारा चार्जशीट पेश की गई है। जो केवल राजनीतिक प्रतिशोध के कारण केन्द्र सरकार के ईशारे पर की गई कार्यवाही है। धरने को जिला परिषद सदस्य रामाराम चौधरी, ओटवाला सरपंच दीपाराम मेघवाल, उम्मेदाबाद मंडल अध्यक्ष भोलाराम माली एवं ब्लॉक संगठन महामंत्री इंद्रसिंह सायला ने भी संबोधित किया। इस दौरान नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष प्रकाश मेघवाल, हबताराम वालेरा, मुस्ताक खान, जाकिर खान, हनीफ खान, देवाराम मेघवाल, जगदीश सरगरा, भोलाराम मेघवाल, आसूखान पुनावास, नपाराम मेघवाल, चूनाराम बावरी, चंपादेवी, देशुदेवी, टीलाराम, पुखराज, मंगलाराम, सुलेमान खान, अजाराम लुहार, भीमाराम सरगरा, सुमार खान देताकलां, जवानाराम मेघवाल, दीपाराम, जयंतीलाल घुसर, शांतिलाल मेघवाल, दरगाराम सरगरा, महेंद्र कुमार, नैनुखान, लुकाराम मेघवाल, शांतिलाल, ओटाराम सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गजेंद्र शेखावत का अभिनंदन आज

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण की हृदय स्थली गांधी चौक में नगर वासियों, पोकरण रेल संघर्ष समिति, भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल, नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में 19 अप्रैल सायं 7 बजे जोधपुर सांसद केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का अभिनंदन समारोह एवं धन्यवाद् सभा का आयोजन किया जाएगा। लोकसभा जोधपुर सांसद व केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री संस्कृति एवम पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार गजेन्द्र सिंह शेखावत के प्रयासों से पोकरण रामदेवरा के बीच, कैलाश टेकरी एवम भैरव गुफा होते हुए नई रेल लाइन मय सौ फीसदी विद्युतीकरण (लागत दो सौ करोड ) स्वीकृत करवाने के पश्चात् पहली बार पोकरण आने पर शहरवासियों द्वारा अभिनंदन समारोह एवम धन्यवाद् सभा का आयोजन गांधी चौक पोकरण में किया जा रहा है। प्रकाश गोस्वामी, ओम शर्मा, विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज, पालिका पोकरण अध्यक्ष मनीष पुरोहित, पूर्व विधायक शैतान सिंह, भाजपा के भीष्म पितामह सांगसिंह, जिला अध्यक्ष दलपतराम हिंगडा, प्रधान भगवत सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित कई जने उपस्थित रहेंगे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई

**पोकरण**, (निसं)। भाजपा सक्रिय सदस्य सम्मेलन पोकरण में 21 अप्रैल को आयोजित होने के उपलक्ष में सम्मेलन प्रभारी एवं जिला मंत्री मदन सिंह राजमथाई ने भाजपा कार्यकर्ताओं की सैणी मैया गौ शाला में बैठक आयोजित करके सभी वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मेलन में भाग लेने की अपील की। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रेवत सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गौ शाला एवं अन्य स्थानों पर पक्षियों के पानी पीने के परिंदे लगवाए गए। इस बैठक एवं कार्यक्रम में जिला मंत्री मदन सिंह राजमथाई, फलसूंड सरपंच एवं महामंत्री रतन सिंह जोधा, भाजपा मंडल अध्यक्ष हजारी कुमावत, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रेवत सिंह राजपुरोहित, जिला भाजयुमो महामंत्री कुलदीप सिंह जोधा, मंडल महामंत्री गुलाब सिंह भाटी, भूर्जगढ सरपंच प्रतिनिधि जसवंत सिंह जोधा, मंडल उपाध्यक्ष घमंडा राम सियाग, सवाई कुमावत, आईटी प्रभारी गणेश सुथार, भाजयुमो उपाध्यक्ष सज्जन सिंह रावतपुरा, जोगेंद्र कुमावत, गणेश जैन, लाला गुजर नरेंद्र सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिक्षक संघ शेखावत ने मांग बताई

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पद पर पदोन्नति उपरांत यथास्थान कार्यग्रहण करने वाले शिक्षकों को फॉरगो करने का अवसर प्रदान करने की मांग शिक्षामंत्री और शिक्षा सचिव से की है। वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पद पर पदोन्नति उपरांत विभाग के निर्देशों की पालना में बहुत से शिक्षकों ने यथास्थान कार्यग्रहण कर लिया, लेकिन कुछ शिक्षकों ने कार्यग्रहण नहीं किया। काउंसलिंग से पद स्थापना के बाद कुछ शिक्षक वाजिब पारिवारिक कारणों से नुकसान उठाकर भी पदोन्नति फारगो करना चाहते हैं, लेकिन यथास्थान कार्यग्रहण नहीं करने वाले शिक्षकों को फॉरगो करने का अवसर दिया गया है। जबकि विभाग के निर्देशों की पालना करते हुए यथास्थान कार्यग्रहण करने वाले शिक्षकों को फॉरगो करने का अवसर नहीं दिया जा रहा है। यह अन्यायपूर्ण, भेदभावपूर्ण तथा प्रताडित करने वाली स्थिति है। इसलिए न्याय और समानता का तकाजा है कि पदोन्नति उपरांत यथास्थान कार्यग्रहण कर चुके शिक्षकों को भी फॉरगो करने का अवसर दिया जाए।

### 'लू-तापघात से गौवंश को बचाएं'

**बालोतरा**, (नि.सं.)। पशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ. मदन गिरी ने ग्रीष्म ऋतु एवं लू-तापघात से गौवंश को बचाने के लिए एडवाईजरी जारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होंने समस्त गौशाला संचालको से अनुरोध किया कि गौशालाओं में गौवंश हेतु पर्याप्त छाया की व्यवस्था करे तथा शेड को गर्म हवाओं के प्रकोप से बचाने के लिए तिरपाल अथवा टाट/बोरे से ढके। गौवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा, भूसा, पानी एवं पशु आहार की समुचित व्यवस्था करें। साथ ही उन्होंने बीमार तथा अशक्त गौवंश के लिए सम्बन्धित पशु चिकित्सा कार्मिको की देखरेख में उपचार की व्यवस्था करने की बात कही।

# गौसेवा की दिशा व आगामी कार्य योजनाओं पर चर्चा की

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के निकट नंदगांव में राजस्थान गौसेवा समिति में नई ऊर्जा और संकल्प के साथ नई शुरुआत को लेकर रामस्नेही संप्रदाय खेड़ापा पीठ के उत्तराधिकारी गोविंदराम महाराज ने समिति के नए प्रदेशाध्यक्ष का पद संभालने के बाद आज नंदगांव में गोऋषि दत्त शरणानंद महाराज से शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद लिया।

बैठक के दौरान राजस्थान में गौसेवा की दिशा और आगामी कार्ययोजनाओं पर धर्माचार्यों की उपस्थिति में विस्तृत चर्चा हुई।

प्रदेशभर में सक्रिय गोभक्तों को संगठित कर समिति की नई कार्यकारिणी के गठन पर विशेष जोर दिया गया है। महाराजश्री ने स्पष्ट किया कि सीमांत क्षेत्रों में निस्वार्थ गौसेवा करने वाले कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें संगठनात्मक मजबूती और समन्वय पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में नए प्रदेशाध्यक्ष गोविंदराम महाराज ने कहा कि समिति का वार्षिक अधिवेशन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर के सभी पदाधिकारी और सदस्य एक मंच पर जुटकर चर्चा और समीक्षा करेंगे। यह अधिवेशन कार्यों के मूल्यांकन और भविष्य की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।

श्रीपतिधाम के महंत गोविन्द वल्लभदास महाराज ने कहा कि नवगठित कार्यकारिणी प्रदेशभर के कोने-कोने से गोभक्तों को जोडकर समिति एक संगठित और समर्पित ढांचा तैयार करने की दिशा में आगे बढेगी। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में गौसेवा कर रहे समर्पित सेवकों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।



राजस्थान गौसेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष गोविंदराम महाराज का नंदगांव में स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

प्रत्येक जिलाध्यक्ष स्वत ही प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य माना जाएगा।

रामदास महाराज देवरी ने कहा कि गौसेवा समिति की कार्यकारिणी में प्रदेश के विभिन्न पंथों के संतों को शामिल कर मार्गदर्शन समिति का गठन किया जाएगा, जिससे निर्णयों में आध्यात्मिक दिशा और समरसता बनी रहे। ताकि संतों का अनुभव और मार्गदर्शन समिति को और अधिक सशक्त बनाएगा।

बैठक में आत्मानंद महाराज ने कहा कि पिछले कई वर्षों से अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे समर्पित गोभक्तों को जिला स्तरीय कमेटियों में सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा। इससे संगठन को एकजुटता और स्थायित्व मिलेगा।

धर्माचार्य बैठक में आगामी वर्ष के कार्यक्रमों और योजनाओं पर भी विचार किया गया। गौरक्षा, गोसंवर्धन और जनजागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को कार्ययोजना में प्राथमिकता दी गई है।

निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष रघुनाथ भारती ने कहा कि हमें एकजुट होकर संकल्प लेकर देशभर में हो रही गोहत्याओं पर पूर्ण विराम लगाते हुए इसके खिलाफ केंद्र सरकार से कठोर कानून बनाने की पुरजोर मांग की जाएगी। नई कार्यकारिणी और संकल्पों के साथ राजस्थान गौसेवा समिति प्रदेश में गौमाता के हित में एक सशक्त, समर्पित और संगठित आंदोलन के रूप में उभरेगी।

बैठक में प्रदेशभर से आए गोभक्त और संत शामिल हुए, जिनमें समिति के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष रघुनाथ भारती महाराज, श्रीपति धाम के महंत गोविंद बल्लभदास महाराज, रामदास महाराज देवरी, आत्मानंद महाराज, ट्रस्टी मूलाराम पुरोहित, केसुआ ठाकुर हरिसिंह, बलवंत पुरोहित, मोहन भाई जाधव, भागचंद जांगिड सहित गौसेवक उपस्थित रहे।

# भाभी ने ननद का लकड़ी से फोड़ा सिर

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में भाभी ने 70 साल की ननद का सिर फोड़ दिया। महिला का शक था कि वह बहू (बेटे की पत्नी) के कान भर रही है। इसी शक में उसने ननद पर हमला कर दिया। हमले में बुजुर्ग महिला को काफी चोटें आई। अपनी दादी को बचाने आई पोती को भी महिला ने नहीं छोड़ा। उसके हाथ पर काट लिया।

घटना पाली शहर के औद्योगिक नगर थाने के प्रताप नगर गुरुवार शाम को हुई।

फिलहाल घायल महिला को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसका उपचार किया गया।

बांगड़ हॉस्पिटल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती हेमी देवी (70) पत्नी विरदाराम ने बताया कि मैं कल शाम को अपने घर पर थी। इस दौरान भाभी घर पर आई। बोली कि तुम मेरी बहू के कान भरती हो, इससे घर में झगड़ा होता है। मैंने इस आरोप को नकारा लेकिन आवेश में आकर भाभी ने मुझ पर हमला कर दिया। मेरे सिर पर उसने किसी चीज से वार किया। इससे सिर फट गया। इस दौरान बीच बचाव करने आई 18 साल की पोती रेखा के हाथ पर भी काट लिया। उसके हाथ पर निशान बन गया।

इस घटना में वृद्धा के सिर पर गहरी चोट लगी। परिजन उपचार के लिए उसे तुरंत पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाए। जहां ट्रोमा वार्ड में वृद्धा का डॉक्टर ने उपचार किया। वृद्धा की हालत खतरे से बाहर है।

# केंद्र सरकार दबा रही है विपक्ष की आवाज : चौधरी

**आहोर**, (निसं)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, आहोर और भाद्राजून की ओर से शुक्रवार सुबह 10.30 बजे आहोर विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी रही सरोज चौधरी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार के विरोध मे उपखंड कार्यालय आहोर के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया।

सरोज चौधरी ने धरना स्थल पर कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा राजनीतिक द्वेष के कारण अपनी शक्तियों का दुरूपयोग कर लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रखकर विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है।

केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा अन्याय पूर्ण तथा मनमाने तरीके से ऐतिहासिक नेशनल हेराल्ड की सम्पत्ति को जब्त करने की कार्यवाही तथा कांग्रेस नेतृत्व के विरूद्ध ईडी द्वारा बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाए चार्ज शीट प्रस्तुत की गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने कहा कि यूपीए चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गाँधी, विपक्ष के नेता राहुल गाँधी तथा अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के विरूद्ध मनमाने तरीके से कार्यवाही करते हुये ईडी द्वारा चार्ज शीट पेश की गई है जो केवल मात्र राजनीतिक प्रतिशोध के कारण केन्द्र सरकार के इशारे पर की गई कार्यवाही है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की मनमर्जी की कार्यवाही के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान विधानसभा प्रत्याशी सरोज चौधरी, जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, ब्लॉक अध्यक्ष आहोर विरेन्द्र जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष गलबाराम मीणा, प्रदेश महासचिव उमसिंह चांदराई, उपप्रधान अमृत प्रजापत, जिला परिषद सदस्य मांगीलाल प्रजापत, मंडल अध्यक्ष पीरसिंह बालोत, शंकर अग्रवाल, जोगेंद्रसिंह, कालूराम मेघवाल, पंचायत समिति सदस्य मांगीलाल चौधरी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष बस्तीमल चौहान, गजेन्द्र सिंह डोडीयाली, वागाराम मेघवाल, खिमाराम चौधरी, शाकिर खान खोखर, गणपत शर्मा, नारायण सिंह, भंवर छीपा, बालूसिंह राजपुरोहित, खेतसिंह राजपुरोहित, तलसाराम देवासी, शेषाराम मेघवाल, उदयराज मेघवाल, नूर मोहम्मद मंगनाराम प्रजापत, शंकर चौधरी हंसाराम मेघवाल, प्रकाश चौधरी, थानाराम मेघवाल समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सामूहिक विवाह समारोह की पत्रिका का विमोचन

जालोर में मारू प्रजापति समाज के सामूहिक समारोह की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन गोविन्द वल्लभदास महाराज के सानिध्य में किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। अक्षय तृतीया को आयोजित होने वाले मारू प्रजापति समाज के सामूहिक विवाह समारोह की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन शुक्रवार को शहर के एक निजी होटल (पार्क व्यू) में श्रीपतिधाम नंदनवन सिरोही के संस्थापक गोविंद वल्लभ दास महाराज के कर कमलों से किया गया।

संस्थान अध्यक्ष नरपत लाल आर्य ने बताया कि विमोचन पश्चात उपस्थित संस्थान के पदाधिकारियो एवं सदस्यों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए महाराज ने सामूहिक विवाह के निर्विघ्न सफलतापूर्वक संपन्न की कामना की। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा लगातार समाज हित में बारहवें सामूहिक विवाह का आयोजन एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। श्रीपतिधाम में संरक्षित गौ माता की सेवा के लिए श्रीयादे सेवा संस्थान जालोर द्वारा 51 हजार (इक्यावन हजार) रुपयों की राशि हरे चारे के लिए गोविंद वल्लभ दास महाराज को प्रदान की गई। महाराज द्वारा संस्थान के साथियों को सुख, शांति और अक्षय समृद्धि के साथ निरंतर सेवा करने का सामर्थ्यता का आशीर्वाद प्रदान किया।

इस अवसर पर संस्थान सचिव किशोर देवडा, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल मेवाडा सहित चंपालाल देवडा, गलबाराम आर्य, सुरेश बडवाल, शंकरलाल देवडा, ललित देवडा, हितेश माल, महेंद्र राठौड एवं श्याम देवडा उपस्थित थे।

### अभिषेक होंगे

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर के पौराणिक शिव मंदिर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम रविवार तक होगा।

श्रीमाली ब्राह्मण समाज विकास समिति द्वारा निर्मित एवं संचालित इस महत्वपूर्ण मंदिर का नव-निर्माण कर प्रतिष्ठा वैशाख कृष्णा सप्तमी संवत् 2073 को हुई थी एवं सांवरिया सेठ की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा भी इसी दिन की गई थी। प्रतिष्ठा वर्ष से लगातार त्रिदिवसीय कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित होता है।

समाज अध्यक्ष पी.एम. जोशी ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारम्भ नीयत 11 शिवाअभिषेक के प्रथम अभिषेक से होगा। प्रथम दो दिन 5-5 अभिषेक किए जायेंगे, प्रतिष्ठा दिवस को 11 वां अभिषेक किया जायेगा। प्रतिष्ठा दिवस को प्रात:3 से 5 बजे मणि अभिषेक होगा। वर्ष में मात्र एक दिवस मणि के दर्शन प्रात: 5से 6 .05बजे सुर्योदय पूर्व तक आम जनता के लिए होंगे।

कार्यक्रम संयोजक रविशंकर दवे ने बताया कि आज प्रथम अभिषेक प्रात: 7.00 बजे से विजयशंकर नाग-प्रेमकांता परिवार की यजमानी में प्रारम्भ होगा, द्वितीय अभिषेक प्रात: 9.30 बजे से श्री महेश सुरेखाजी दवे परिवार, तृतीय दोपहर 11.30 बजे से श्री प्रदीप पुखराज जी दवे परिवार, चतुर्थ दोपहर 2.00 बजे से श्री महेन्द्र सविताजी दवे परिवार एवं पंचम अभिषेक 4.30 बजे से श्री के.पी. व्यास - मीराजी परिवार की यजमानी में होंगे।

# ब्लॉक कांग्रेस रेवदर ने प्रदर्शन किया

**रेवदर**, (निसं)। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णवीरसिंह रोहुआ ने ईडी द्वारा कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी पर की गई कार्यवाही के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर रेवदर उपखण्ड मुख्यालय पर तहसील परिसर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रेवदर की ओर से आयोजित विरोध प्रदर्शन को सम्बोधित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिलाध्यक्ष आनन्द जोशी, विधायक मोतीराम कोली, विधानसभा क्षेत्र समन्वयक गोविन्द बंजारा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह देवडा, जिला प्रवक्ता हर्षुल अग्रवाल, तखतसिंह भैरूगढ, कानाराम मेघवाल, मफतलाल बुनकर, सुरताराम देवासी ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

प्रदर्शन के दौरान एकत्रित हुए कांग्रेसजनों ने तहसील परिसर से उपखण्ड अधिकारी कार्यालय तक केन्द्र सरकार के विरूद्ध नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर प्रदर्शन किया।

ब्लॉक प्रवक्ता हितेश जोशी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्र के दबाव में असंवैधानिक रूप से होने वाली हर कार्यवाही पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रेवदर हमेशा विरोध में खडी रहेगी। विरोध प्रदर्शन में पूर्व प्रधान छगनलाल सोलंकी, लखमाराम कोली, महेन्द्रसिंह देवडा, उपसरपंच डूंगरसिंह देवडा, पूर्व सरपंच भूराराम कोली, उपसरपंच मजहर हुसैन, उपसरपंच मगसिंह बोडा, जीरावल सरपंच कांतिलाल कोली, करसन पंचाल, मानाराम चौधरी, ललित भाट, शकूर भाटी, ओमप्रकाश कोली, गोविन्दसिंह देवडा, खंगारराम मेघवाल, अमराराम मेघवाल, इम्तियाज खान, भैराराम पुरोहित, रतन राणा, मसरू खां, दिनेश मेघवाल, शंकर कोली, असरफ जैदी, पूरणसिंह देवडा, लेहराराम भाट, पूनमचंद, रूपाराम मेघवाल, दिनेश कुमार, रेवाराम, अणदाराम मेघवाल, समेत दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# ईदगाह-कब्रिस्तान में लगाए पक्षियों के लिए परिंडे

जालोर के ईदगाह में सिलावट समाज के लोगों ने पक्षियों के लिए परिंडे लगाये। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। सिलावट समाज टीम ईदगाह कब्रिस्तान जालोर की ओर से शुक्रवार को ईदगाह व कब्रिस्तान में गर्मी के मौसम को देखते हुए पक्षियों के लिए परिंडे एवं चुग्गे दाने लगाकर आओ बने पक्षियों का सहारा कैंपेन की शुरुआत की गई। इस के तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर जहा पक्षियों की आवाजाही अधिक है। वहां पर परिंडे लगाए जाएंगे।

कार्यक्रम संयोजक शहजाद खान एसएनओ ने बताया कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करते हुए जालौर के ईदगाह व कब्रिस्तान में परिंडे लगाए गए। समाज के लोगों ने संकल्प लिया कि मानव सेवा, जन सेवा, मूक पशु-पक्षियों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि परिंडे लगाना पुण्य का कार्य है, ऐसे नेक कार्य करते रहना चाहिए। लोगों से अपील कर कहा कि सभी अपनी अपनी छतों पर पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करे। इस भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षीयो के लिए पानी की व्यवस्था करना पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर परिंडे लगाने और पक्षियों की सेवा करने का महत्व भी बताया गया। साथ इन परिंदों में नियमित रूप से पानी देने का भी संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर इंसाफ अली, लियाकत अली, अयूब शेख, मुश्ताक खान, साबिर खान, ईमरान खान, राजू शेख, वाजिद अली, असलमखा डी, ईरफान खान, एजाज अली, जानशेर खान, जहांगीर खान नौशीन हमजा आदि मौजूद थे।

### कांग्रेसजनों ने धरना दिया

**पाली**, (नि.सं.)। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की कार्रवाई के खिलाफ पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेसजनों ने प्रधान डाकघर मुख्यालय पर प्रदर्शन किया।

शहर ब्लॉक कांठोस अध्यक्ष जीवराज बोराणा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता धरना स्थल पर पहुंचे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, शहर ब्लॉक कांठोस अध्यक्ष जीवराज बोराणा, संगठन महामंत्री भंवर राव, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मेहबूब टी, प्रकाश सांखला, मदनसिंह जागरवाल, रंगराज मेहता, संतोखसिंह बाजवा, ओमा चौधरी, रफीक गोरी, डॉ रमेश चावला, मांगूसिंह दुदावत, ताराचन्द चन्दनानी, विनोद मोदी, संतोष दुबे, रघुनाथ सिंह मंडली, अमराराम पटेल, अजीज लीडर, रतन उदेश, शहजाद शेख, मण्डल अध्यक्ष राजू सोलंकी, शकील नागोरी, अशोक गोड़, चेलाराम रारबड़ा, आमीन अली रंगरेज, दिनेश दवे, सुनील रामावत, सेवादल जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी, कमरुद्दीन पठान, सज्जन बी राज, ताराचन्द टांक, जुगराज चौहान, लक्ष्मण कच्छवाह, बाबू भाई कीर, रफीक चौहान, असगर अली कुरेशी, रमेश परिहार, राजेंद्र मेघवाल, दरिया देवी आर्य, रमेश तुंगारिया, अशोक कुलदीप, राहुल घावरी, वजीर खान खेरवा, भंवर मेघवाल, चांद रंगरेज, संजय परमार, धनराज आर्य, मोहम्मद इकबाल शेख, खीमाराम मेघवाल, रोशनसिंह सोलंकी, कानाराम मेघवाल, वासुदेव बैरवा, हिमताराम मेघवाल, मांगीलाल सोलंकी, बंशीलाल कुलदीप सहित कई जने मौजूद रहे।

# घायल हिरण का प्राथमिक उपचार, रेस्क्यू सेंटर भेजा

धोरीमन्ना के पास कुम्हारो की बेरी गांव में श्वानों के चंगुल से हिरण को बचाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**धोरीमन्ना**, (कासं)। उपखण्ड के कुम्हारों की बेरी गांव में श्वानों ने वन्यजीव हिरण को अपने चंगुल में लेकर काफी घायल कर दिया।

पर्यावरण प्रेमी भीखाराम गोदारा ने जानकारी दी कि कुम्हारों की बेरी गांव में ढाणियों के बीच तीन-चार श्वानों ने हिरणों का पीछा कर एक हिरण को अपने चंगुल में फंसा लिया। तब उनके रोने की आवाज सुनकर कक्षा सातवीं की छात्रा कृष्णा गोदारा दौड़ कर हिरण के पास गयी और कुत्तों से भिड़ गयी।

- श्वानों ने हिरणों का पीछा कर एक हिरण को चंगुल में फंसाया
- छात्रा कृष्णा गोदारा ने हिरण को बचाया

कृष्णा ने आवाज लगाई तो सोहनलाल गोदारा, षष्टिका गोदारा, गोपाल खिलेरी, देवांश, कुलदीप गोदारा, व लादूराम बोला सहित आस-पास के लोग दोडे और आवाज लगायी तो कुत्ते हिरण को छोड़कर भाग गएं तब नजदीक जाकर देखा तो काफी घायल था तो उसका प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद रामजीवन गोदारा वन रक्षक से संपर्क कर गाडी मंगवायी और नारायण नामा रेस्क्यू वाहन चालक, बाबूलाल मंडा रेस्क्यू कर्मचारी वन विभाग कर्मचारी को सुपुर्द किया।

इस तरह ग्रामिणों के सहयोग से एक वन्यजीव को बचाकर मानवता का परिचय दिया।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष जताया

**पोकरण**, (नि.सं.)। नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किए जाने के बाद देशभर में कांग्रेस का विरोध तेज हो गया है। इसी कडी में सांकडा व पोकरण ब्लाक के अध्यक्ष व पदाधिकारियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आक्रोश व्यक्त कर उपखंड कार्यालय के आगे धरना प्रदर्शन किया।

पूर्व जिला प्रमुख अब्दुल्ला फकीर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपखंड मुख्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने गांधी परिवार के समर्थन में नारे लगाए और ईडी की कार्रवाई का तानाशाही कदम करार दिया। धरने में प्रतिपक्ष नेता नारायण रंगा, सांकडा ब्लाक राजूराम, गोपाल जोशी, हेमंत पालीवाल, राहुल व्यास, महेश पुरोहित, और ललित व्यास सहित कई कांग्रेस नेताओने घरना प्रदर्शन किया, कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित है और केंद्र सरकार लोकतांत्रिक विरोध की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। धरना स्थल पर मौजूद नेताओं ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को संसद से सडक तक उठाएगी और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करेगी। गौरतलब है कि नेशनल हेराल्ड मामले में अगली सुनवाई 25 अप्रैल को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में होनी है।